-:प्रेस नोटः-

दिनांक- 17.04.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **अग्निशमन सेवा सप्ताह के दृष्टिगत मुख्य अग्निशमन अधिकारी बांदा द्वारा विभिन्न स्थानों/संस्थानों, स्कूलों/कॉलेजो आदि में मॉकड्रिल का आयोजन कर आग से बचाव तथा अग्निशमन वाहनों से आग बुझाने के तरीकों के सम्बन्ध में दी गई जानकारी, साथ ही अग्निसुरक्षा के प्रति निबन्ध प्रतियोगिता व चित्रकला का आयोजन कर किया गया जागरूक।**

विवरण- दिनांक 14.4.2026 से प्रारंभ हुए अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान विभिन्न संस्थाओं में कराए जाने वाले फायर मॉकड्रिल के तहत मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री मतलूब हुसैन द्वारा "अग्नि सुरक्षा के लिए मिलकर प्रयास करें" थीम के अंतर्गत जनपद के विभिन्न स्थानों, संस्थानों, स्कूलो कॉलेजो में मॉकड्रिल कर जागरूकता कार्यक्रम तथा प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन, विशेषकर छात्र-छात्राओं को अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया गया। इसी क्रम में शहर के सेंट जेवियर्स स्कूल में मॉकड्रिल एवं अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर दमकल कर्मियों द्वारा छात्र-छात्राओं व अध्यापकगणों को अग्निशमन उपकरणों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा उनके संचालन एवं उपयोग के संबंध में व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को उपकरणों का स्वयं संचालन कराकर उनका आत्मविश्वास भी बढ़ाया गया, जिससे वे आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया देने में सक्षम हो सकें। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अग्नि सुरक्षा के प्रति अपनी अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। इसके साथ ही अग्नि दुर्घटना की स्थिति में स्वयं एवं अन्य व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकालने के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया तथा रेस्क्यू प्रक्रिया का प्रदर्शन भी किया गया। सभी संस्थानों के प्रबंधकों को अग्नि सुरक्षा उपकरणों की स्थापना, नियमित जांच एवं उन्हें सदैव क्रियाशील बनाए रखने के निर्देश दिए गए। अंत में सभी प्रतिभागियों को अग्नि सुरक्षा के प्रति सतर्क, जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया गया, जिससे किसी भी आपात स्थिति में जनहानि को न्यूनतम किया जा सके।